प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आज करेंगे इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 का शुभारंभ

# यूपी में निवेश बढ़ाने को जुटेंगे दुनिया भर के उद्यमी

**आयोजन**

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच के तहत 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो- 2025 में प्रदेश की औद्योगिक, कृषि, सांस्कृतिक और नवाचार क्षमताओं का भव्य प्रदर्शन होगा। इस मेगा आयोजन का उद्देश्य केवल निवेश और व्यापार को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि यूपी को वैश्विक मंच पर स्थापित करना और युवाओं, उद्यमियों व अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करना भी है।

**तीन वर्षों में दोगुना आकार, वैश्विक पहचान :** योगी सरकार की पहल से यह ट्रेड शो "क्राफ्ट, कल्चर और कुजीन" के संगम का प्रतीक बनकर प्रदेश की विविध पहचान को दुनिया के सामने लाएगा। इस आयोजन में 2500 से अधिक प्रदर्शक, 500 विदेशी खरीदार और 5 लाख से अधिक विजिटर्स के आने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षा योजना सीएम युवा के तहत 150 इनोवेटिव स्टॉल्स स्थापित किए जाएंगे।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे सीएम योगी की मौजूदगी में उद्घाटन**

### ओडीओपी पवेलियन

आयोजन में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) पवेलियन 343 स्टॉल्स के माध्यम से हर जिले के सिग्नेचर प्रोडक्ट्स को पेश करेगा। यह पवेलियन स्टार्टअप्स, डिजाइनर्स और अंतरराष्ट्रीय बायर्स के लिए व्यापारिक सौदे के अवसर खोलेगा।

### मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की कमान संभाली

नोएडा। प्रधानमंत्री के दौरे से एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की शाम गौतमबुद्ध नगर पहुंचे। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की कमान स्वयं अपने हाथों में ले ली। मुख्यमंत्री ने एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। वह करीब साढ़े पांच बजे इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचे। यहां आधे घंटे से अधिक समय तक रहे। सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक समेत अन्य मुद्दों पर अफसरों से वार्ता की।

### रूस–इंडिया व्यापार संवाद खोलेगा नए अवसर

इस बार रूस आयोजन के साथ बतौर पार्टनर कंट्री सम्मिलित हो रहा है। 26 सितंबर को रूस–इंडिया बिजनेस डायलॉग आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत और रूस के उद्योगपतियों, वित्तीय संस्थानों, बीमा कंपनियों, शिक्षा क्षेत्र और सरकारी नीति-निर्माताओं के लिए साझा मंच उपलब्ध होगा। दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को प्रोत्साहित करने का यह अवसर नई संभावनाएं खोलेगा।

## चार लाख विद्यार्थियों को वजीफा कल

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रदेश की योगी सरकार छात्र-छात्राओं के भविष्य और उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस वर्ष क्रांतिकारी पहल करते हुए छात्रवृत्ति समय से पहले देने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार 26 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हाल में प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे।

**पहले मार्च में मिलती थी छात्रवृत्ति, अब सितम्बर में :** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव किया गया है।

पूर्व में छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में दी जाती थी, जबकि अब इसे नवरात्र और सितम्बर में वितरित किया जा रहा है, जिससे छात्र-छात्राएं इसका लाभ समय पर उठा सकें। यह छात्र छात्राओं के लिए एक तरह से दीपावली का गिफ्ट भी होगा। सरकार द्वारा छात्रवृत्ति का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है।

**2024**
में पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र-छात्राओं को मिली थी छात्रवृत्ति

**2025**
में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक होने की संभावना

### 70 लाख से अधिक तक पहुंचेगी योजना

नरेंद्र कश्यप ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक जाएगी।

### मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन से बनी रणनीति

मंत्री ने कहा कि छात्रों को समय से पूर्व छात्रवृत्ति मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री से मार्गदर्शन लेकर पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मिलकर व्यापक रणनीति बनाई। यही कारण है कि इस बार छात्रवृत्ति का लाभ छात्रों तक नवरात्र के पावन अवसर पर पहुँचेगा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव गोंड एवं अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी उपस्थित रहेंगे।